प्रवेश पंजीकरण हेतु  सूचना एवं महत्वपूर्ण अनुदेश - ऑनलाइन पंजीकरण / आवेदन 10 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2025 (रात्रि 10:00 बजे तक) - अंतिम तिथि

आपको सूचित करना चाहेंगे कि कुमाऊँ विश्विद्यालय, श्रीदेव सुमन विश्विद्यालय एवं सोबन सिंह जीना विश्विद्यालय एवं उक्त विश्विद्यालयों से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में  प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर में रिक्त सीटों के सापेक्ष समर्थ पोर्टल ओपन किया गया है  -

📌 ऑनलाइन पंजीकरण / आवेदन : 10 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2025 (रात्रि 10:00 बजे तक) - अंतिम तिथि

🏛️ महाविद्यालय द्वारा प्रवेश अनुमोदन (समर्थ पोर्टल पर) की अंतिम तिथि : 15 अक्टूबर 2025 (रात्रि 10:00 बजे तक)

नोट -

1 - महाविद्यालय की प्रवेश समिति  प्रवेश अनुमोदन के समय अवश्य ये जाँच ले कि यदि छात्र के पास  सम्बंधित विश्विद्यालय द्वारा  पुराना एनरोलमेंट नंबर है तो प्रवेश  के समय वही एनरोलमेंट नंबर प्रदान करेंगे, जैसे यदि कोई छात्र कुमाऊँ विश्विद्यालय से स्नातक किया है एवं कुमाऊँ विश्विद्यालय या उससे एफिलिएटेड कॉलेज में प्रवेश लेता है तो स्नातक का एनरोलमेंट नंबर प्रदान ( If Enrollment Number Available/Generated? (Check if exist)) में पूर्ण करेंगे।  लेकिन यही छात्र सोबन सिंह जीना या श्रीदेव सुमन में प्रवेश लेता है तो  ( If Enrollment Number Available/Generated? (Check if exist)) को क्लिक नहीं किया जायेगा, और साथ ही अन्य कोई वैल्यू नहीं फिल करेँगे। इसी प्रकार सभी विश्विद्यालय हेतु लागू।

2 - सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को प्रवेश प्रदान करने हेतु रिव्यु एंड प्रॉसेस ऑप्शन  पैरलेल प्रदान किया गया है, जिसका तात्पर्य यह है कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर में  पंजीकरण एवं प्रवेश साथ साथ किया जा सकता है।

3 - प्रवेश प्रदान करने हेतु रिव्यु एंड प्रॉसेस 15 अक्टूबर 2025 (रात्रि 10:00 बजे तक) खुला है, जिसमे आप छात्र द्वारा जमा की गयी फीस (ऑफलाइन फीस - अशासकीय एवं निजी महविद्यालयो हेतु ) को एंट्री करते हुए एडमिशन ग्रांट करेंगे, उक्त दिनांक के पश्चात् आप एडमिशन ग्रांट या फीस अपडेट नहीं कर सकेंगे इसलिए आप यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि उक्त दिनांक तक समस्त प्रवेशित छात्रों का समर्थ पोर्टल पर  एडमिशन ग्रान्ट कर दिया गया हो।

4 -  सभी नव प्रवेशित छात्रों को अपनी प्रवेश शुल्क ऑनलाइन माध्यम (यदि आपके द्वारा ऑनलाइन फीस ऑप्शन का चयन किया गया हो) (राजकीय शैक्षणिक संस्थानों हेतु)  से भी 15 अक्टूबर 2025 रात्रि 10 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

5 - सभी विश्विद्यालयों एवं महविद्यालयो के प्रवेश समिति  से पुनः सादर निवेदन है कि कृपया 15 अक्टूबर 2025 को एक बार पुनः चेक कर लेंगे कि समस्त छात्रों के प्रवेश समर्थ पोर्टल पर निर्देशानुसार प्रदान किये गये है या नहीं, क्योंकि प्रवेश के तत्पश्चात एनरोलमेंट नंबर जेनेरेट किया जायेगा और स्टूडेंट का एसएलसी प्रदान किया जायेगा।

1 - स्नातक हेतु पंजीकरण लिंक (स्टूडेंट हेतु )  - https://ukadmission.samarth.ac.in/

2 - स्नातकोत्तर में पंजीकरण लिंक (स्टूडेंट हेतु )- https://ukpgadmission.samarth.ac.in/

3 -प्रवेश प्रदान करने हेतु लिंक (एडमिन अकाउंट) - https://uttarakhand.samarth.ac.in/

सादर

समर्थ टीम देहरादून